भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या- 1224
गुरुवार, 5 दिसम्बर, 2024/14 अग्रहायण, 1946 (शक)

राष्ट्रीय करियर सेवा पोर्टल

1224. डा. दिनेश शर्मा:
श्री मिथलेश कुमार:
श्री बृज लाल:
श्री रामभाई हरजीभाई मोकरिया:
श्री नारायण कोरागप्पा:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों के युवाओं को डिजिटल कौशल प्राप्त करने के लिए सशक्त बनाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय करियर सेवा पोर्टल में सुधार की दिशा में उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है; और

(ख) क्या युवाओं की आकांक्षाओं के अनुरुप अवसरों का समन्वय करते हुए पोर्टल के माध्यम से बेरोजगार व्यक्तियों को रोजगार के अवसर प्रदान किए गए, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री
(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)

(क) एवं (ख): राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल में सुधार एक सतत और गतिशील प्रक्रिया है और यह हितधारकों के सुझावों और आवश्यकताओं पर आधारित है। पोर्टल को बेहतर बनाने के लिए उठाए गए कदमों में उद्यम, ई-श्रम, स्किल इंडिया पोर्टल, ईपीएफओ, ईएसआईसी, एमएचआरडी, डिजीलॉकर जैसे सरकारी पोर्टलों और विभिन्न राज्यों के रोजगार पोर्टलों के साथ एकीकरण शामिल है। एनसीएस का संघ लोक सेवा आयोग, कर्मचारी चयन आयोग, कृषि वैज्ञानिक भर्ती बोर्ड, रेलवे भर्ती बोर्ड आदि जैसे सरकारी भर्ती निकायों के साथ भी संबंध है ताकि अचयनित उम्मीदवारों के अंक अन्य नियोक्ताओं को उपलब्ध करवाए जा सके जिससे उन्हें नियोजनीय उम्मीदवारों की पहचान करने में सहायता मिल सके। मंत्रालय ने एनसीएस पोर्टल पर रिक्तियों के तालमेल के लिए विभिन्न निजी जॉब पोर्टलों के साथ समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं। मंत्रालय ने रोजगार चाहने वालों और नियोक्ताओं को कैरियर संबंधी सेवाएं प्रदान करने के लिए विभिन्न जिलों में 407 मॉडल करियर केंद्रों (एमसीसी) की स्थापना को भी मंजूरी दी है। अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र में, एनसीएस विदेश मंत्रालय द्वारा अनुमोदित भर्ती एजेंटों (आरए) को अंतर्राष्ट्रीय रोजगार के अवसरों को पोस्ट करने की सुविधा प्रदान करता है ताकि देश के नौकरी चाहने वालों को वैश्विक नौकरी के अवसरों से परिचित करवाया जा सके।

*****